# वर्षा जल संरक्षण अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए सहयोग दें : पाटिल

■ केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल ने नालबड़ी तलाई में रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य का शिलान्यास किया

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने मंगलवार को नालबाड़ी तलाई में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना (रिचार्ज शाफ्ट) का उद्घाटन कर बीकानेर जिले में 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' का शुभारंभ किया।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि पानी की कमी विकास के समक्ष एक बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए वर्षा जल संग्रहण और संरक्षण कार्य हेतु समाज के प्रबुद्ध वर्ग, भामाशाहों को सरकार के 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान से जुड़ते हुए सहयोग करने की आवश्यकता है। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को प्रबुद्धजन और व्यापारियों के साथ संवाद करते हुए जल शक्ति मंत्री पाटिल ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को पर्याप्त मात्रा जल मिले, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। क्योंकि जल नहीं होगा तो कल नहीं होगा। पाटिल ने कहा कि अकेले सरकार सब कुछ नहीं कर सकती है।

सरकार के साथ प्रबुद्ध वर्ग और भामाशाहों को इस पवित्र कार्य के लिए साथ आना होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राजस्थान में प्रारम्भ अभियान में अब तक देशभर में 4.5 लाख वर्षा जल संरक्षण संरचनाएं बनाई जा चुकी हैं। वहीं दस लाख संरचनाएं बनाने का लक्ष्य है।

नालबाड़ी में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल ने कहा कि स्वच्छता अभियान के बाद वर्षा जल संचय और संरक्षण एक ऐसा लक्ष्य है, जिससे आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 करोड़ शौचालय निर्माण कर 60 करोड़ लोगों को स्वच्छता से जोड़ा गया। पंद्रह करोड़ घरों तक जल जीवन मिशन के माध्यम से पानी पहुंचाया गया। इससे देश की महिलाओं के 5.5 करोड़ घंटे बच सके हैं। महिलाओं का जीवन आसान हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार शुद्ध पानी मिलने से 4 लाख बच्चों का जीवन बच सका है।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों के कारण पेयजल किल्लत की स्थिति बन रही है। समय रहते नहीं चेते तो यह विकराल समस्या बन जायेगी। उन्होंने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के लोग तो पानी की कीमत को बेहतर तरीके से समझते हैं। उन्होंने कहा कि भूगर्भ में भी पानी सीमित है। जल का अत्यधिक दोहन भविष्य के लिए जल संकट पैदा कर देगा। ऐसे में गांव में हुई वर्षा का पानी व्यर्थ ना हो, यह पानी गांव की जमीन में उतरे। इससे गांव का भूजल स्तर सुधरेगा और सभी प्राकृतिक मिनरल्स के साथ गुणवत्तायुक्त पानी गांव के लोगों को भविष्य में वापस मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान के तहत वर्षा जल संग्रहण और संरक्षण हेतु अब तक साढ़े चार लाख रिचार्ज बोरवेल बनाये गए हैं। ग्रामीणों से इस अभियान से जुड़ने का आव्हान करते हुए पाटिल ने कहा कि पानी की एक-एक बूंद का उपयोग करें। व्यर्थ बह रही हर बूंद भूगर्भ में पहुंचे, इस कार्य में सभी अपनी क्षमतानुसार भागीदारी निभाएं।

एक जनांदोलन के रूप में इस अभियान को सफल बनाकर आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रतनलाल भूतड़ा द्वारा राजस्थान में 100 बोरवेल करने का संकल्प लिया है। इस कार्य में अन्य लोग भी जुडें। इससे पहले नाल बड़ी तलाई में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री के सानिध्य में भामाशाह रामरतन भूतड़ा द्वारा विधिवत पूजा कर रिचार्ज शाफ्ट का शिलान्यास किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, रामरतन भूतड़ा सहित अन्य उद्यमी, सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

प्रदेश में वर्षा जल संचय, संग्रहण और पुनर्भरण के लिए 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' का शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 15 जनवरी को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल द्वारा किया गया। अभियान के तहत राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगभग चार रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण भामाशाहों, प्रवासी राजस्थानियों, कॉर्पोरेट की सीएसआर फंड, क्राउड फंडिंग तथा विभिन्न विभागों की योजना अनुसार किया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य गिरते भू-जल स्तर को रोकना, व्यर्थ बहने वाले वर्षा जल का संग्रहण, पुनर्भरण और संरक्षण सुनिश्चित करना है।



केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने बीकानेर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रबुद्धजनों, भामाशाहों, व्यापारियों को सरकार के 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान से जुड़ने का आव्हान किया।

## हेरोइन व 140 नशीले कैप्सूल सहित दबोचा

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। हेरोइन तस्करी के आरोप में पंजाब का युवक पकड़ा गया है। हिन्दुमलकोट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

डीआईजी गौरव यादव के निर्देश पर इसकी जांच मटीलीराठान एसएचओ सुभाष बिश्नोई को सौंपी गई है। दूसरे मामले में बस अड्डा चौकी प्रभारी स्वर्णसिंह ने पुरानी आबादी के युवक को 140 नशे के कैप्सूल के साथ पकड़ा है। इसके खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे की जांच एएसआई सुभाष मीणा को सौंपी गई है। एएसपी रघुवीर शर्मा ने बताया कि हिन्दुमलकोट एसएचओ गुरमेल सिंह ने गश्त के दौरान कोठा पुल पर शाम को करीब पांच बजे युवक को मोटरसाइकिल सहित रोककर चैक किया।

आरोपी फाजिल्का जिले के अरनीवाला थाना क्षेत्र के गांव बरियामवाली बोदला निवासी रेशम सिंह पुत्र उतारसिंह के पास से 16 ग्राम 12 मिली ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद हुई। इस पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास बरामद हेरोइन की तस्करी के रूट और नेटवर्क का पता लगाने को मटीली राठान एसएचओ ने आरोपी को 27 जनवरी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी पंजाब के फरीदकोट से किसी तस्कर से 27 हजार रूपए में यह हेरोइन खरीदकर लाया था। यहां हिन्दुमलकोट थाना एरिया में इसके रिश्तेदार रहते हैं। आरोपी ने प्रारंभिक तौर पर पूछताछ में बताया कि उसके खिलाफ पहले से तीन मुकदमे हेरोइन की तस्करी के आरोप में दर्ज है।

## सार-समाचार

### दूध के 20 में से 19 सैम्पल फैल



उपभोक्ताओं ने 'दूध का दूध और पानी का पानी' अभियान में दूध की जांच कराई।

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लि. जयपुर के निर्देशानुसार उरमूल डेयरी बीकानेर के विपणन व गुण नियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'दूध का दूध और पानी का पानी-शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान में आम उपभोक्ताओं के घर आने वाले खुले दूध की शुद्धता की जांच कर मौके पर ही परिणाम रिपोर्ट बता कर आमजन को नकली व मिलावटी दूध से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति स्थानीय उरमूल डेयरी द्वारा जागरूक किया जा रहा है। उरमूल डेयरी के मोहनसिंह चौधरी ने बताया कि बीकानेर में अब तक कुल 321 दूध के सैम्पल आए, जिनमें से केवल 54 सैम्पल पास हुए। शेष सभी सैम्पल्स में पानी सहित स्ट्रेच, नमक, ग्लूकोज व अनेक प्रकार की मिलावट पाई गई। आज का दूध जांच शिविर मोहल्ला चूनगरान स्थित सरस बूथ संख्या-1165 पर आयोजित किया गया। अभियान प्रभारी शुभम गुलाटी ने बताया कि कुल 20 सैम्पल आए, जिसमें से 19 सैम्पल फैल और केवल 01 सैम्पल पास हुआ। बूथ संचालक आकाश गहलोत ने भी जांच शिविर में सहयोग किया। आज के अभियान पर स्थानीय उपभोक्ता जानकी नारायण श्रीमाली, अजीज भुट्टा, राजेश ओझा, कुसुम, शाहिदा, समीरा, वन्दना ओझा आदि ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उरमूल डेयरी के दूध के भाव बाजार के मुताबिक होने चाहिए। दूध जांच अभियान शिविर राउंड द क्लॉक पूरे साल चले तब लोगों में जागरूकता बढ़ेगी।

### मेजर जेम्स थॉमस को याद किया



शहीद मेजर जेम्स थॉमस के 19 वें शहादत दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर मित्र मंडली सेवा समिति द्वारा 28 जनवरी शहीद मेजर जेम्स थॉमस के 19 वें शहादत दिवस पर मंगलवार को उनका श्रद्धापूर्वक स्मरण कर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किए। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एन.डी. कादरी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि धोबी धोरा स्थित उनके मकान पर समिति के सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान शहीद मेजर जेम्स थॉमस की माता मेरी कुट्टी थॉम्स को शॉल, माला भेंट की गई। इस अवसर पर समिति के संरक्षक सुनील दत्त नागल, अध्यक्ष सुशील कुमार यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलकांत सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल पाहुजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकिशोर यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एन.डी. कादरी, मंत्री शांति देवी चौहान, प्रवक्ता सैय्यद अख्तर, विजयशंकर गहलोत, भवानी आचार्य, सत्यनारायण आचार्य, नारायण सिंह नरूका, अभिमन्यु सिंह, शंभू कुमार सिंह सोलंकी, राजेन्द्र सिंह, शाकिर हुसैन चौपदार सहित परिवारजन की शाजी बहन ने पुष्पाजंलि अर्पित कर शहीद मेजर जेम्स थॉमस की शहादत को याद कर उन्हें नमन किया।

## 'खेत की सॉयल हैल्थ जानने के बाद ही कृषि की नई तकनीक अपनाएं'

■ सुनियोजित कृषि तकनीक विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बीकानेर,** (कासं)। किसान अपने खेत की सॉयल हैल्थ जानने के बाद ही कृषि की नई तकनीक अपनाएं तभी हम अच्छी खेती कर पायेंगे। ये कहना है केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर के निदेशक डॉ. जगदीश राणे का जो स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में 'सुनियोजित कृषि तकनीकें' विषय पर आयोजित सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में किसानों को संबोधित कर रहे थे।

समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. देवाराम सैनी ने की। कार्यक्रम में अतिथियों ने हाइड्रोपोनिक तकनीक के वर्टिकल टावर का उद्घाटन किया। साथ ही प्रशिक्षण पूरा करने वाले किसानों को अतिथियों ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

मानव संसाधन विकास निदेशालय कांफ्रेंस हॉल में आयोजित समापन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. राणे ने कहा कि पानी हो या उर्वरक, फसल को उतना ही देना चाहिए जितनी जरूरत हो। उन्होंने कहा कि भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए किसान को घर बैठे पता चल जायेगा कि खेत में किस जगह पर पानी या उर्वरक देने की आवश्यकता है।

कुलसचिव डॉ. देवाराम सैनी ने कहा कि आज हमारी आवश्यकता बड़ी मात्रा में फसल उत्पादन की बजाय गुणवत्तापूर्ण फसल उत्पादन की है। साथ ही कहा कि खेती की परंपरागत तकनीक की बजाय अगर हम कृषि की नई तकनीक का इस्तेमाल करेंगे तभी हम समृद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा किसान अपने पड़ौस के किसान से ही ज्यादा सीखता है। लिहाजा यहां से प्रशिक्षण लेने वाले किसान अपने खेत में इन तकनीक का इस्तेमाल जरूर करें ताकि पड़ौस का किसान भी इसे सीख सकें।

अनुसंधान निदेशक डॉ. विजय प्रकाश ने कहा कि हमें कृषि कोलेकर प्रधानमंत्री के ध्येय वाक्य 'मोर क्रॉप, पर ड्रॉप" को ध्यान में रखते हुए परंपरागत खेती को छोड़कर कृषि की नई तकनीक को अपनाना है ताकि कमलागत में अधिक इनकम प्राप्त कर सकें। साथ ही कहा कि कृषि विश्वविद्यालय जल्द ही ड्रोन आधारित कृषि को लेकर ट्रेनिंग आयोजित करने जा रहा है। जिसमें ट्रेनिंग लेने वाले किसान ड्रोन के मास्टर ट्रेनर बन सकेंगे।

## जुगल राठी व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने

**बीकानेर,** (कासं)। व्यापार उद्योग मंडल के चुनाव में जुगल राठी ने मनमोहन कल्याणी को 29 वोट से हराया। मंगलवार को मॉर्डन मार्केट में हुए चुनाव में दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान के लिए बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्रित हुए। चुनाव को लेकर बीकानेर के व्यापारियों में काफी हलचल देखने को मिली।

इस चुनाव में पूर्व अध्यक्ष मनमोहन कल्याणी फिर से दावेदार थे। जबकि उनके सामने इस बार जुगल राठी थे। पिछली बार कल्याणी ने रवि पुरोहित को हराकर जीत हासिल की थी। इस बार स्वयं रवि पुरोहित ने ही जुगल राठी को समर्थन दे दिया। जिससे जुगल राठी की राह आसान लग रही थी। परिणाम भी वैसा ही आया। जुगल राठी ने 29 वोट ज्यादा लेकर जीत निश्चित कर ली। दोनों पक्ष अपने अपने मतदाताओं को रिझाने की कोशिश में थे।

## निरीक्षण में 150 सफाई कर्मचारी अनुपस्थित मिले

■ कार्यवाहक आयुक्त यशपाल आहूजा ने अचानक सफाई कार्यों का निरीक्षण किया तो ये खुलासा हुआ

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम में सफाई का ढर्रा पटरी से उतर गया है। इसका खुलासा देखने को तब मिला जब कार्यवाहक आयुक्त ने सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान 150 सफाई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। ये जमादारों और इंस्पेक्टर्स की मिलीभगत से हो रहा है।

दरअसल निगम के पास 1450 सफाई कर्मचारी हैं। इसमें से करीब 250 तो ऑफिस से लेकर अधिकारियों की कोठियों पर हैं। बचे करीब 1200 सफाई कर्मचारियों में नियमित लोग नहीं पहुंच रहे। इंस्पेक्टर्स और जमादारों की मेहरबानी से काम के बिना भी छुट्टी पर रहते हैं। इसका उदाहरण कार्यवाहक आयुक्त यशपाल आहूजा ने खुद देखा। वे अचानक सफाई कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां-जहां गए वहां कर्मचारी नदारद मिले।

कुछ जगह तो 12 में से 8-8 कर्मचारी मौजूद नहीं थे। निरीक्षण के बाद उनकी सी.एल. भर दी गई ताकि कोई एक्शन ना हो। आहूजा को ये गणित समझ आ गई कि कर्मचारी और ऊपर के कार्मिकों की मिलीभगत के कारण ही शहर में रोज सफाई कर्मचारी पूरे नहीं पहुंच रहे। आहूजा ने कहा कि ये मामला टेढ़ा है। इसलिए अब हाजरी का सिस्टम पुख्ता बनाना पड़ेगा।

आयुक्त के आने के बाद उनसे चर्चा करेंगे और ऐसा सिस्टम विकसित करना होगा कि कार्मिक अगर ड्यूटी पर नहीं है तो उसकी जानकारी अपने आप हो जाए।

## दलित युवक को तस्करी में फंसाने का आरोप

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के संगरिया थाना क्षेत्र में पुलिस के 6 क्विंटल 30 किलोग्राम डोडा पोस्त की बरामदगी का मामला विवादों में घिर गया है। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने पुलिस पर एक दलित व्यक्ति को फंसाने का आरोप लगाया है।

संगरिया थाने के तत्कालीन एसएचओ धर्मपान सिंह और डीएसटी टीम ने 27 मार्च 2024 का है, जब गांव हरिपुरा के पास से 6 क्विंटल 30 किलोग्राम डोडा पोस्त और 30.30 लाख रूपए नकद बरामद करने का दावा किया था। पुलिस ने यह सामान एक पिकअप में थाने लाकर मामला दर्ज किया। डॉ. अम्बेडकर नवयुवक संघ के प्रवक्ता जसविंद्र सिंह धालीवाल ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने बरामदगी का स्थान बदलकर महावीर प्रसाद मेघवाल के खेत को दिखाया। जबकि वास्तविक बरामदगी हरचंद सिंह और इंद्रजीत के खेतों से हुई थी। दोनों स्थानों के बीच लगभग 5-6 किलोमीटर की दूरी है।

आरोप है कि भ्रष्टाचार के चलते पुलिस अधिकारियों ने प्रभावशाली लोगों को बचाने के लिए दलित समाज के व्यक्ति को फंसाने की कोशिश की। इस मामले में प्रवक्ता जसविंदर सिंह धालीवाल ने दावा किया कि पुलिस कर्मियों और पिकअप ड्राइवर पवन चुग की संलिप्तता के वीडियो और फोटो भी सबूत के रूप में मौजूद हैं। अगर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे एसपी कार्यालय के बाहर आंदोलन करेंगे।

## अवैध रिफिलिंग, 20 सिलेंडर जब्त

**बीकानेर,**(कासं)। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दुरूपयोग एवं अवैध रिफिलिंग की रोकथाम की शिकायत मिलने पर मंगलवार को रसद विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई कर इलेक्ट्रोनिक कांटा, गैस रिफिलिंग मशीन एवं 20 गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

शिकायत मिलने पर रसद विभाग की टीम ने गांव कानासर में नखत बन्ना मंदिर के सामने जेठाराम को अपने घर पर रही ही घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग और भंडारण करते पाया। निरीक्षण दल में प्रवर्तन अधिकारी पवन सुथार तथा प्रवर्तन निरीक्षक जयसिंह शामिल रहे। संबंधित के विरूद्ध विभाग आरोपी के विरूद्ध एलपीजी अधिनियम 2000 के खंड सं. 3,4,5 व 7 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। उनके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वाद पेश किया जायेगा।

## नियम विरूद्ध पट्टे जारी करने पर वी.डी.ओ. निलंबित

■ सरपंच केसरमल मूंड के खिलाफ भी धारा 38 के तहत कार्रवाई शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। नियम विरूद्ध पट्टे जारी करने की जांच सही पाए जाने पर एक ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित किया गया है।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल ने बताया कि पूगल के कृष्णनगर के ग्राम विकास अधिकारी देवराज सिंह के विरूद्ध बीकानेर पंचायत समिति के मूंडसर पदस्थापन अवधि में पंचायती राज अधिनियम 1996 के नियम 157 (1) के अन्तर्गत नियम विरूद्ध पट्टे जारी करने की शिकायत प्राप्त हुई।

जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी पाये जाने पर जिला परिषद ने 22 जनवरी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में देवराज सिंह ने जवाब प्रस्तुत किया। स्पष्टीकरण में सिंह ने जारी पट्टों को पंचायती राज अधिनियम 1996 के नियम 157 (1) के अन्तर्गत नियम और प्रावधान अनुसार जारी किया जाना साबित नहीं कर पाए। जवाब से स्पष्ट हुआ कि मौके पर खाली जमीन के नियम विरूद्ध पट्टे जारी किये गये है। इसके मद्देनजर देवराज सिंह द्वारा गंभीर अनियमितता के लिए उनके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1658 के नियम 16 के अन्तर्गत कार्यवाही प्रारम्भ की गई है।

साथ ही राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के तहत तुरन्त प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय पंचायत समिति खाजूवाला रहेगा। इसी प्रकार नापासर-जसरासर हाईवे पर ग्राम पंचायत की खाली जमीन पर नियम विरूद्ध पट्टे जारी करने के फलस्वरूप सरपंच केसरमल मूंड के विरुद्ध भी राजस्थान पंचायती राज अधिनियम की धारा 38 के तहत अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की गई है। बीकानेर के विकास अधिकारी को यह पट्टे निरस्त करने की कार्यवाही के निर्देश दिए।

## रातीघाटी युद्ध उपन्यास पर चर्चा

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद बीकानेर इकाई द्वारा आयोजित प्रति माह पुस्तक चर्चा कार्यक्रम की पहली कड़ी में इतिहासवेत्ता जानकीनारायण श्रीमाली के उपन्यास 'रातीघाटी युद्ध' पर चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष, शिक्षाविद डॉ. अन्नाराम शर्मा ने कहा कि रातीघाटी युद्ध एक राष्ट्रीय महत्व का उपन्यास है। इस उपन्यास में लेखक ने इतिहास के आधार पर समकालीन भारत की राष्ट्र विरोधी शक्तियों तथा समस्याओं सेलोहा लिया है। रचना में सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्व जागरण एवं नारी स्वत्व के युगीन प्रश्नों पर भी सम्यक विमर्श हुआ है। उपन्यास का नायक जैतसी कामरान के साथ हुए दुर्धर्ष संघर्ष में राष्ट्रीय नायक के रूप में उभरता है। रचना में इतिहास एवं कल्पना का मणिकांचन योग हुआ है। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.आखिलानन्द पाठक ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपन्यास भारतीय आत्मबोध का उत्कृष्ट उदाहरण है। विकट परिस्थितियों में भी मातृभूमि की रक्षा के लिए किस प्रकार धैर्य, रणनीति और साहस के साथ दुश्मन को हराया जा सकता है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाए आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in; 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 24.02.2025 को 15:00 बजे तक; 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 24.02.2025 को 15:00 बजे के बाद; Tender Notice No: 18-TRD-BKN-E-Tender-2024-25; Name of work: Provision of copper jumper bus bar from isolators to OHE over Bikaner Division. Approx Cost of the work: 62,71,285.70; EMD/SD (Rupees): 1,25,400.00

124-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाए आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in; 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 24.02.2025 को 15:00 बजे तक; 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 24.02.2025 को 15:00 बजे के बाद; Tender Notice No: 06-TRD-BKN-ETender-2024-25 2R; Name of work: Strengthening of TRD system for train operation in Suratgarh-Lalgarh section of Bikaner division by provision of SSP in Suratgarh. Approx Cost of the work: 1,52,01,947.40; EMD/SD (Rupees): 2,26,000.00

122-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


## सेना भर्ती रैली एक फरवरी से

**बीकानेर,** (कासं)। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र राजस्थान के तत्वावधान में सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनूं द्वारा सेना भर्ती रैली का आयोजन स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय स्टेडियम बीकानेर में 01 से 09 फरवरी तक अनूपगढ़, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, झुंझुनूं और श्रीगंगानगर जिलों के लिए किया जायेगा।

इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्नीकल, ऑफिस आसिस्टें स/एसकेटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणियों के लिये सामान्य प्रवेश परीक्षा 2024 में उपस्थित होने वाले 6000 से अधिक अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर कोल अप जारी किया गया है। शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड ऑनलाइन जारी किए गए हैं। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, राजस्थान, मुख्यालय दक्षिण पश्चिमी कमान और बीकानेर के नागरिक प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही भर्ती रैली राजस्थान के प्रेरित युवाओं को देश की सेवा करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है।

## सामूहिक विवाह मानवता की सेवा का पुनीत कार्य : सी. आर. पाटिल

■ सामूहिक विवाह में 36 जोड़े बंधन में बंधे

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और केन्द्रीय विधि एवं न्याय न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने मंगलवार को राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित 19 वें सामूहिक विवाह समारोह में शिरकत की।

पाटिल और मेघवाल ने नव विवाहित 36 जोड़ों को शुभकामना और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पाटिल ने कहा कि ट्रस्ट सामूहिक विवाह का आयोजन कर मानवता की सेवा का पुनीत कार्य कर रहा है। सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, कमजोर और वंचित लोगों की सहायता के साथ ऐसे आयोजन समाज में समाज की प्रगति के लिए सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की समान भागीदारी है। सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से 15 करोड़ घरों में शुद्ध पानी पहुंचा कर महिलाओं का जीवन आसान बनाया गया है।

इस अवसर पर केन्द्रीय न्याय एवं विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि भावना मेमोरियल ट्रस्ट प्रतिबद्धता के साथ नियमित रूप से सामूहिक विवाह का आयोजन करवा रहा है। इसके लिए ट्रस्ट बधाई का पात्र है। यह समारोह एक आयोजन मात्र नहीं है बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा का अवसर है। उन्होंने नव विवाहित जोड़ों को नए जीवन में प्रवेश की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रवि शेखर मेघवाल ने ट्रस्ट द्वारा आयोजनों की जानकारी दी। आगंतुकों का आभार जताया। इसके पश्चात केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने पीबीएम अस्पताल स्थित रोग निदान सेवा ट्रस्ट के कार्यक्रम में शिरकत की। यहां उनका अभिनंदन किया गया। पाटिल ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा मानव कल्याण के लिए सहयोग किया जा रहा है।



भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट के 19 वें सामूहिक विवाह में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल और केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने शिरकत की।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-जिप्सम, 02, गांधी नगर, स्कीम, बीकानेर- 334001

फोन नं. : 0151-2200171-75, फैक्स : 0151-2523519/2202842

**ई-निविदा सूचना** दिनांक :- 27/01/2025

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का प्रकार |
|---|---|
| आर.एस.एम.एम./जिप/ अनुबंध–निविदा–08/2024–25 दिनांक 24.01.2025 UBN No. MML2425SLOB00191 | संस्थान के झाकरडा जिप्सम खदान हेतु किराये पर हार्डटोप बोलेरो (टेक्सी परमिट) मय चालक मोडल 2022 या नया उपलब्ध कराने का कार्य (निविदा अनुसार)। अनुबंध मूल्य (रूपये)– 14.40 लाख, धरोहर राशि (रूपये) 28,800/–, निविदा दस्तावेज का मूल्य– रूपये 590/– |

विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रमुख एवं प्रभारी–जिप्सम, बीकानेर से उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/10907 उप महाप्रबन्धक (प्रशासन)

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/ **आपत्ति सूचना** दिनांक : 13.01.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 44 के किला नं, 16, 17 में भूखण्ड माप 15'-0" गुणा 50'-0" फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री मोहन लाल पुत्र श्री हंसराज निवासी गली नं. 08 बी, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखणा के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री मोहन लाल पुत्र श्री हंसराज निवासी गली नं. 08 बी, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 16, 17 में भूखण्ड माप 15'-0" गुणा 50'-0" फीट का नियमन पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

– सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर